# यूपी में निवेश के लिए साइन हुए 13000 करोड़ के MoU

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में तीसरे दिन यूपी सरकार ने अलग-अलग कंपनियों के साथ करीब 1300 करोड़ के MoU साइन किए।

आरईसी लिमिटेड ने 500 मेगावॉट कृषि अवशेष वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं के लिए 8,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के लिए एमओयू साइन किया। वहीं रश्मि मेटलर्जिकल प्राइवेट लिमिटेड 4,000 करोड़ का निवेश कर प्रदेश में 1 एमटीपीए क्षमता का स्टील प्लांट लगाएगी। इसके




अलावा कार्बन कम्पास सर्विसेज ने 820 करोड़ रुपए का निवेश कर ब्रिकेटिंग और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाएगी। इसमें मोनेटाइजेशन पर 30 करोड़ खर्च होंगे।

यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने टेक महिंद्रा, ग्रुंडफोस, बीS, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल, रश्मि ग्रुप, क्यूब्लर ग्रुप, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, गोदरेज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी समेत कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। यूपी के प्रतिनिधिमंडल का अगुवाई वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे हैं। दल में आईडीसी दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद और यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह शामिल हैं।